Series AB1CD/2

SET~2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 66/2/2

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट / NOTE :

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
Please check that this question paper contains **7** printed pages.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **12** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

व्यावसायिक अध्ययन

BUSINESS STUDIES

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

Time allowed : 2 hours *Maximum Marks : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* ***12*** *प्रश्न हैं ।*

(ii) *प्रश्न संख्या* ***1 – 4, 2*** *अंकों के हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 30 – 50 शब्दों में दीजिए ।*

(iii) *प्रश्न संख्या* ***5 – 8, 3*** *अंकों के हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 50 – 80 शब्दों में दीजिए ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***9 – 12, 5*** *अंकों के हैं । यह दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 80 – 120 शब्दों में दीजिए ।*

(v) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । लेकिन* ***3*** *अंकों के* ***1*** *प्रश्न में तथा* ***5*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

(vi) *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

1. कैसे प्रबंध कार्य 'नियंत्रण' कर्मचारियों को अभिप्रेरित करता है तथा उन्हें बेहतर निष्पादन देने में सहायता करता है ? उल्लेख कीजिए । *2*

2. 'शोध करना तथा बाज़ार के सभी प्रतिभागियों के लिए उपयोगी सूचना को प्रकाशित करना, भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड द्वारा निष्पादित एक कार्य है ।'

इस वर्ग के किन्हीं दो अन्य कार्यों का उल्लेख कीजिए । *2*

3. 'नियुक्तिकरण मानव संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करता है ।' किन्हीं दो बिन्दुओं के द्वारा इस कथन का औचित्य स्पष्ट कीजिए । *2*

4. 'पदोन्नति संगठन में नव रक्त के सम्मिश्रण को रोकता है ।' परन्तु, इसका उपयोग अभी भी आन्तरिक रूप से रिक्तियों को भरने के एक अच्छे स्रोत के रूप में किया जाता है । इसके लिए किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए । *2*

5. उस प्रक्रिया का नाम तथा अर्थ दीजिए जो आजीविका-उन्मुखी है तथा जिसको कर्मचारियों के परिपक्व होने की प्रगति में सहायता करने तथा उनकी संभावित क्षमताओं की परिपक्वता एवं वास्तविकता के लिए डिज़ाइन किया जाता है । *3*

6. प्राथमिक बाज़ार में अस्थायी पूँजी (फ्लोटेशन) के नए निर्गमन की विधियों के रूप में 'निजी नियोजन या विनियोजन' तथा 'इलेक्ट्रॉनिक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम' को समझाइए । *3*

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper contains **12** questions.*

(ii) *Questions Number **1 – 4** are of **2** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in 30 – 50 words.*

(iii) *Questions Number **5 – 8** are of **3** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in 50 – 80 words.*

(iv) *Questions Number **9 – 12** are of **5** marks. These are Long Answer Type Questions and are to be answered in 80 – 120 words.*

(v) *There is no overall choice in the question paper. However, internal choice has been given in **1** question of **3** marks and **2** questions of **5** marks.*

(vi) *This question paper contains Case / Source Based questions.*

1. How does 'Controlling' function of management motivate the employees and help them in giving better performance ? State. *2*

2. 'Conducting research and publishing information useful to all the market participants is a function performed by Securities and Exchange Board of India.'

State the two other functions of the same category. *2*

3. 'Staffing ensures optimum utilisation of human resources.' Justify the statement by giving any two points. *2*

4. 'Promotion stops infusion of new blood in the organisation.' However, it is still being used as a good source of filling the vacancies internally. State any two reasons for the same. *2*

5. Name and give the meaning of the process which is career-oriented and designed to help the employees in the progress towards maturity and actualisation of their potential capabilities. *3*

6. Explain 'Private Placement' and 'e-IPOs' as methods of floatation of new issues in the primary market. *3*

7. (क) 'नेतृत्व' का क्या अर्थ है ? किन्हीं दो नेतृत्व शैलियों का उल्लेख कीजिए । 3

अथवा

(ख) प्रबंध के 'नियंत्रण' कार्य की प्रक्रिया के अन्तिम दो चरणों का उल्लेख कीजिए । 3

8. तनुश्री एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में कार्यरत है । कम्पनी में सभी उसके निष्पादन की सराहना करते हैं । एक प्रोत्साहन के रूप में, कम्पनी ने उसे कम्पनी के अंशों को बाज़ार मूल्य से कम मूल्य पर खरीदने का प्रस्ताव दिया । 3

(क) तनुश्री को प्रस्तावित प्रोत्साहन का नाम तथा अर्थ दीजिए ।

(ख) इस प्रकार के किन्हीं दो अन्य प्रोत्साहनों का उल्लेख कीजिए ।

9. (क) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत प्रदत्त एक उपभोक्ता के किन्हीं पाँच उत्तरदायित्वों का उल्लेख कीजिए । 5

अथवा

(ख) उपभोक्ता संरक्षण अधिनिय, 2019 के प्रावधानों के अन्तर्गत उपलब्ध एक उपभोक्ता के निम्नलिखित अधिकारों को समझाइए : 5

(i) सुरक्षा का अधिकार

(ii) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

10. किन्हीं पाँच आधारों पर 'पूँजी बाज़ार' तथा 'मुद्रा बाज़ार' में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 5

11. (क) साहिल 'निटवियर लिमिटेड' का वित्त प्रबंधक है । कम्पनी ऊनी वस्त्रों के उत्पादन में संलग्न है । कम्पनी के उत्पादों की माँग मौसमी है, जबकि उत्पादन पूरे वर्ष चालू रहता है । इसके उत्पादों की गुणवत्ता के कारण कम्पनी के व्यवसाय का फैलाव सम्पूर्ण देश में हो रहा है । कम्पनी का प्रचालन उच्च पैमाने का है तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालय उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी तथा पश्चिमी भारत में हैं । इसके प्रत्येक संभाग का निष्पादन अत्यधिक उच्च स्तर का है । कच्चे माल की बाधारहित उपलब्धता के लिए कम्पनी को उच्च स्टॉक स्तर की आवश्यकता है । यही नहीं, प्रतियोगिता का सामना करने तथा ग्राहकों के अति-आवश्यक आदेशों को पूरा करने के लिए कम्पनी को तैयार उत्पादों के पर्याप्त स्टॉक की भी आवश्यकता है ।

उपर्युक्त चर्चा को ध्यान में रखते हुए 'निटवियर लिमिटेड' की कार्यशील पूँजी आवश्यकता को प्रभावित करने वाले पाँच कारकों का उल्लेख कीजिए । 5

अथवा

7. (a) What is meant by 'Leadership' ? State any two leadership styles. *3*

OR

(b) State the last two steps in the process of 'Controlling' function of management. *3*

8. Tanushree is working in a multinational company. Her performance is appreciated by everyone in the company. As an incentive, the company offered her to buy the shares of the company at a price that is less than the market price. *3*

(a) Name and give the meaning of the incentive offered to Tanushree.

(b) State any two more incentives of the same type.

9. (a) State any five responsibilities of a consumer provided under The Consumer Protection Act, 2019. *5*

OR

(b) Explain the following rights of a consumer provided under The Consumer Protection Act, 2019 : *5*

(i) Right to Safety

(ii) Right to Consumer Education

10. Distinguish between 'Capital Market' and Money Market' on any five basis. *5*

11. (a) Sahil is the Finance Manager of 'Knitwear Ltd'. The company is engaged in the manufacturing of woolen clothes. The demand of the company's products is seasonal, whereas the production continues throughout the year. Due to the quality of its products, the company's business is spreading across the country. The company is operating at a large scale having its regional offices in Northern, Southern, Eastern and Western India. The performance of its each division is of very high level. For uninterrupted availability of raw materials, the company requires high stock levels. Not only this, to face the competition and to meet the urgent orders of the customers, the company also needs enough stock of finished goods.

Considering the above discussion, state five factors affecting working capital requirements of 'Knitwear Ltd'. *5*

OR

(ख) स्टील की छड़ों का उत्पादन करने वाले एक अग्रणी उत्पादक 'अभिषेक इंजीनियरिंग लिमिटेड' ट्रक विनिर्माण के व्यवसाय में प्रवेश करना चाहती है । इसके लिए, वित्त प्रबंधक को जब भी आवश्यकता हो, धन की उपलब्धता तथा इसके संभावित स्रोतों को सुनिश्चित करना होता है । उसे देखना होता है कि कम्पनी अनावश्यक रूप से कोष एकत्रित नहीं करे । इस प्रकार उसे कोष आवश्यकता तथा उसकी उपलब्धता का मिलान करना होता है ।

(i) उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित उस अवधारणा की पहचान कीजिए तथा इसका अर्थ दीजिए जो वित्त प्रबंधक को उसके लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता करेगी ।

(ii) उपर्युक्त (i) में पहचान की गई अवधारणा के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख भी कीजिए । *5*

12. राहुल ने हाल ही में अपनी बी.टेक. पूर्ण की है तथा इन्वर्टरों का उत्पादन करने वाली एक अग्रणी कम्पनी में पद ग्रहण किया है । बाज़ार के 70% भाग पर कब्जा करने के लिए कम्पनी सोलर इन्वर्टरों के उत्पादन में प्रवेश करने की योजना बना रही है । इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इसे प्रशिक्षित कार्यबल की आवश्यकता है । मानव संसाधन प्रबंधक ने राहुल से संगठन को प्रशिक्षित कार्यबल से होने वाले किन्हीं पाँच लाभों की कारण सहित सूचना देने के लिए कहा । संगठन को प्रशिक्षित कार्यबल के लाभ के किन्हीं पाँच बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए जो राहुल ने अपने उत्तर में मानव संसाधन प्रबंधक को भेजे होंगे । *5*

(b) 'Abhishek Engineering Ltd.', a leading manufacturer of steel rods wants to enter into the business of manufacturing trucks. For this, the Finance Manager has to ensure the availability of funds whenever required and its possible sources. He has to see that the company does not raise funds unnecessarily. In this way he has to match the funds requirement and their availability.

(i) Identify and give the meaning of the concept discussed in the above para which will help the Finance Manager to achieve his objectives.

(ii) Also, state any three points of importance of the concept identified in (i) above. *5*

12. Rahul has just completed his B.Tech. and joined a leading company manufacturing inverters. To capture 70% of the market share, the company is planning to enter into the manufacturing of solar inverters. To achieve this target it requires trained workforce. The Human Resource Manager asked Rahul to give any five benefits to the organisation, with reasons, for training the workforce. State the five points of benefits of trained workforce to the organisation that might have been sent by Rahul in his reply to the Human Resource Manager. *5*